हम कुछ करके दिखलाएँगे
कक्षा - आठवीं

विषय – हिंदी (LOWER HINDI)
पाठ : १
पाठ का नाम : हम कुछ करके दिखलाएँगे
PPT-4

Website: www.odmegroup.org
Email: info@odmps.org
Toll Free: 1800 120 2316
Sishu Vihar, Infocity Road, Patia, Bhubaneswar- 751024

लिखित

1. निम्नलिखित भावों को दर्शाने वाली कविता की पंक्तियाँ लिखिए -

(क) बेसहारा लोगों को अपना मित्र बनाएँगे ।

उत्तर =जो लोग गरीब भिखारी हैं ,
जिन पर किसी की छाया है ,
हम उनको गले लगाएँगे ,
हम उनको सुखी बनाएँगे ।

(ख) हम दृढ़प्रतिज्ञा और वीर व्यक्तियों के बच्चे हैं ।

उत्तर =हम उन वीरों के बच्चे हैं ,
जो धुन के पक्के सच्चे थे ।
हम उनका मान बढ़ाएँगे ,
हम जग में नाम कमाएँगे ।

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए -

(क) कवि अमरों में नाम लिखवाने की बात क्यों करता है ?

उत्तर = कवि कहते हैं कि इस दुनिया में अमर वही होते हैं जो कुछ नया तथा दूसरों के जीवन को सुखी बनाने के लिए महान कार्य करते हैं । इसीलिए वे महान कार्य करें।

(ख) कवि के अनुसार गरीब और भिखारी के पास किस चीज़ की कमी है ?

उत्तर = कवि के अनुसार गरीब और भिखारी के पास जीवन - निर्वाह (जीने के लिए) कुछ भी नहीं है। नही कोई उन्हें सहारा देता है।

(ग) कवि उम्मीद हार बैठे व्यक्तियों के लिए क्या करना चाहता है?

उत्तर = कवि उम्मीद हार बैठे व्यक्तियों में उत्साह भरना चाहता है जिससे वे आशावादी (कुछ करने की इच्छा) बनकर अपने जीवन को सुंदर बनाएँ ।

3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तारपूर्वक लिखिए -

(क) कविता में बालक किस दीपक को जलाने की बात कर रहे हैं तथा क्यों ?

उत्तर = कविता में बालक परिश्रम रूपी दीपक जलाने की बात कर रहे हैं क्योंकि परिश्रम से ही व्यक्ति के जीवन में परिवर्तन आता है । स्थिति को सुधरते देख उनका उत्साह बढ़ जाता है और जीवन में निराशा का स्थान आशा में परिवर्तित हो जाता है।



(ख) कवि किसको गले लगाने की बात करता है और क्यों ?

उत्तर = कवि उन लोगों को गले लगाने की बात करता है जो गरीब और भिखारी है । जिनके पास कुछ भी नहीं होता । ऐसे लोगों पर कोई ध्यान नहीं देता । इन लोगों का जीवन कष्टों से भर जाता है । वे जीवन से निराश हो जाते हैं । यदि इन लोगों को सहारा मिल जाता है तो वे अपने जीवन को सुंदर बना सकते हैं ।

THANKING YOU

ODM EDUCATIONAL GROUP